# निदेशालय पुलिस दूरसंचार (पुलिस मुख्यालय) राजस्थान, जयपुर।

क्रमांकः न–5(8)वितन्तु–संस्थापन/2017/1597 दिनांकः– 18/12/17

## विज्ञप्ति

वरिष्ठ शासन उप सचिव गृह (ग्रुप–I) विभाग राज. जयपुर के पत्र कमांक प.4(35)गृह–I/16 दिनांक 23.06.2017 एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस मुख्यालय राज. जयपुर के पत्रांक न. 5(2) पुलिस–फोर्स/च.श्रे.क./2016/4286 दिनांक 03.11.2017 की पालना में पुलिस दूरसंचार में निम्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की भर्ती की जानी प्रस्तावित है :–

| क.सं. | पदनाम | रिक्त पद | पे–मैट्रिक्स लेवल | आरक्षण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुक (लांगरी/रसोईया) | 01 | एल–3 | सामान्य–01 |
| 2 | स्वीपर (सफाईकर्मी) | 04 | एल–1 | सामान्य–04 |

**1. राष्ट्रीयताः–** आवेदक भारत का नागरिक हो या राजस्थान चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम–1999 के नियम–11 के अनुसार भारत का नागरिक होने की अर्हता प्राप्त हो।

**2. आयु सीमाः–** उक्त पद के लिए आवेदक की आयु 01.01.2018 को 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। राज्य कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक, अ0जा0, अ0ज0जा0, अन्य पिछडा वर्ग, महिला, विधवा व तलाक शुदा महिलाओं आदि को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छुट देय होगी।

**3. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः–**

| क.सं. | पदनाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | वांछित अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | कुक (लांगरी/रसोईया) | किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा 5वीं उत्तीर्ण हो | खाने बनाने का अनुभव |
| 2 | स्वीपर (सफाईकर्मी) | किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा 5वीं उत्तीर्ण हो | साफ–सफाई करने का अनुभव होना चाहिए |

**4. चरित्रः–** आवेदक अपने चरित्र के संबन्ध में दो उत्तरदायी व्यक्तियों के (जो उसके रिश्तेदार न हो) के दो चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा एवं उक्त चरित्र प्रमाण पत्र आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से 6 माह पूर्व के न हो। इसके अलावा आवेदन पत्र के साथ इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा कि उसे किसी न्यायालय द्वारा दोष सिद्व किया जाकर दण्डित नही किया गया है एवं उसके विरूद्व किसी प्रकार का कोई दाण्डिक मामला न्यायालय में लम्बित नही हो और यदि आवेदक के विरूद्व कोई दाण्डिक मामला न्यायालय में लम्बित है तो आवेदक को उक्त मामले का विवरण शपथ पत्र में अंकित करना होगा। आवेदक उक्त शपथ पत्र नोटेरी अथवा प्रथम मजिस्ट्रेट से अभिप्रमाणित करवाकर प्रस्तुत करेगा।

**5. शारीरिक योग्यताः–** आवेदक का शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तथा उसमें किसी प्रकार का शारीरिक या मानसिक दोष नही होना चाहिए, जो उसके इस पद के रूप में अपने कर्तव्यों का दक्षता पूर्वक पालन करने में बाधक हो ओर आवेदक का इस पद के लिए चयन होने पर उस सरकार द्वारा तत्प्रयोजनार्थ अधिसूचित चिकित्सा प्राधिकारी का इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**6. संतान संबन्धी सूचनाः–** ऐसा कोई भी अभ्यार्थी जिसके दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात 02 से अधिक संतान हो, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा, परन्तु जहां किसी अभ्यार्थी के पूर्वतर प्रसव से एक ही संतान है किन्तु पश्चातवर्ती किसी एकल प्रसव से एक से अधिक संतान पैदा होती है तो संतानों की कुल संख्या की गणना करते समय इस प्रकार एक प्रसव पैदा हुई संतानों का एक ईकाई माना जावेगा।

**7. विवाह पंजीयनः–** राज्य सरकार के परिपत्र कमांक प–7(3)/कार्मिक/क–2/2006 दिनांक 30.06.2006 के अनुसार आवेदक के विवाहित होने की दशा में आवेदन पत्र में विवाह पंजीयन की सूचना अनिवार्यतः अंकित की जावेगी तथा विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति या आवेदक का विवाह पंजीयन नही होने की स्थिति में उससे आवेदन पत्र के संलग्न प्रारूप में 50/– रू. का नोन ज्युडिसियल स्टाम्प पर शपथ पत्र नोटेरी अथव प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट से अभिप्रमाणित करवाकर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

**8. पेंशन योजनाः–** राज्य सरकार के आदेश कमांक एफ–15(7)एफ.डी.(रूल्स)/97 दिनांक 14.01.2004 तथा राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या एफ–12(एफ.डी.)रूल्स दिनांक 13.03.2006 एवं दिनांक 12.09.2008 के अन्तर्गत (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) पद पर नियुक्ति के उपरान्त दो वर्ष की कालावधि के लिए परिविक्षाधीन के रूप में कुक (लांगरी/रसोईया) को 12800/– व स्वीपर (सफाईकर्मी) को 12400/– रूपये मासिक नियत पारिश्रमिक (Remuneration) देय होगा तत्पश्चात नियमानुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद की वेतन श्रृंखला में वेतन व नियमानुसार अन्य भत्ते देय होगें एवं राज्य सरकार द्वारा दिनांक 01.01.2004 से निर्धारित की गई अंशदायी पेंशन योजना देय होगी तथा नियुक्ति योग्य पाये जाने वाले अभ्यार्थी पर नवीन अंशदायी पेंशन योजना मैडिकल अटेंडेंट रूल्स तथा राज्य बीमा प्रावधायी निधि एवं स्थायी पारितोषण आदि सभी नये नियम लागू होंगें।

**9. आवेदन पत्रः–** आवेदक को इस विज्ञप्ति में दिये गये प्रारुप के अनुसार आवेदन पत्र सुस्पष्ट लेखन में लिखा हुआ अथवा अंकित किया हुआ प्रस्तुत करना होगा। इस आवेदन पत्र के साथ विज्ञप्ति के पैरा संख्या 12 में बताये अनुसार वांछित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि व शपथ पत्र आदि संलग्न करने होगें। आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर आवेदक को अपना पासपोर्ट साईज फोटो लगाकर उस पर हस्ताक्षर करने होगें, इसके अलावा आवेदन पत्र पर आवेदक को दिनांक सहित अपने हस्ताक्षर करने होगें।

**10. आवेदन पत्र की अंतिम तिथिः– इच्छुक अभ्यार्थी उपरोक्तानुसार आवेदन पत्र में प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रतियां सहित दिनांक 27.12.2017 को सांयकाल 6 बजे तक कार्यालय संचित निरीक्षक पुलिस दूरसंचार लाईन घाटगेट जयपुर में स्वयं उपस्थित होकर या डाक द्वारा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी प्रकार का विचार नही किया जायेगा।**

**11. साक्षात्कारः–** आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथी तक जिन आवेदकों के आवेदन पत्र बाद जांच सही पाये जायेगें उन आवेदको की साक्षात्कार हेतु सूची दिनांक 28.12.2017 को कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चश्पा की जावेगी, जो कार्यालय समय में देखी जा सकती है, तथा इन आवेदको के साक्षात्कार दिनांक 29.12.2017 को प्रातः 10 बजे से **कार्यालय संचित निरीक्षक पुलिस दूरसंचार लाईन घाटगेट जयपुर** में आयोजित किया जायेगा, जिसकी सूचना पृथक से किसी भी आवेदक को प्रेषित नही की जावेगी। साक्षात्कार हेतु उपस्थित आवेदक अपने साथ समस्त मूल प्रमाण पत्र साथ लेकर आना सुनिश्चित करें। इस साक्षात्कार हेतु किसी आवेदक को कोई यात्रा भत्ता आदि देय नही होगा।

12. आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपियां व शपथ पत्र संलग्न किये जायेगें:—
1. जन्मतिथी संबन्धित प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि।
2. शैक्षणिक योग्यता संबन्धित प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि।
3. जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि।
4. छः माह की अवधि के अन्दर दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों (जो आवेदक के रिश्तेदार नही हो) के द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र
5. दोष सिद्व नही होने आदि के बारे में शपथ पत्र।
6. संतान संबन्धित घोषण पत्र
7. विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि अथवा आवेदन पत्र के संलग्न प्रारूप में शपथ पत्र
8. दहेज न लेने बाबत शपथ पत्र
9. एक से अधिक पति/पत्नी नही होने का शपथ पत्र
10. आवेदक के जिला नियोजन पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि

नोट:— उपरोक्त सभी प्रलेख तथा प्रमाण पत्र आदि की सूची आवेदक को अपने स्वयं के हाथ से आवेदन पत्र के पिछे क्रमवार लिखनी होगी व उसके निचे अपने हस्ताक्षर करने होगें।

13. अन्य:—

1. आवेदक के द्वारा अपने पक्ष में प्रस्तुत अन्य प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां यदि कोई हो तो आवेदन के साथ प्रस्तुत करें।
2. आवेदक के द्वारा इस भर्ती में अपने पक्ष का समर्थन प्राप्त करने हेतु किसी भी तरीके से किया गया प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रत्यक्ष/सिफारिश पर उसे इस पद की भर्ती के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।
3. कोई भी पुरूष या महिला आवेदक जिसके एक से अधिक जीवित पत्नियां/पति है, सेवा नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा/होगी।
4. ऐसा विवाहित आवेदक जिसने विवाह में दहेज स्वीकार किया हो सेवा नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा/होगी।
5. ऐसे आवेदक जिसको राजस्थान लोक सेवा आयोग या अन्य किसी भी नियुक्त प्राधिकारी द्वारा गलत या कूटरचित प्रलेखों, सूचना प्रेषित करने एवं अनुचित साधन प्रयोग में लाये जाने का दोषी घोषित किया गया है, वो इस नियुक्ति का पात्र नही होगा।
6. निर्धारित प्रोफार्मा में अपूर्णता से प्राप्त आवेदन पत्रों को निरस्त समझा जायेगा तथा असत्य तथ्यों व कूटरचित दस्तावेजों के संबन्ध में आवेदक कानूनी रूप से स्वयं उत्तरदायी होगा।
7. आवेदक को शराब, धूम्रपान, तम्बाकू आदि व्यसनों के सेवन से मुक्त होना चाहिए।

नोट:— उक्त विज्ञप्ति के संबन्ध में शपथ पत्र एवं आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाईट www.police.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।

(मोहन लाल शर्मा)
पुलिस अधीक्षक (प्रथम)
पुलिस दूरसंचार राजस्थान
जयपुर।

प्रतिलिपिः—निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है

1. संभागीय आयुक्त जिला जयपुर।
2. महानिरीक्षक पुलिस (मुख्यालय) राजस्थान जयपुर।
3. महानिरीक्षक पुलिस एवं निदेशक पुलिस दूरसंचार राजस्थान जयपुर।
4. जिला कलेक्टर जयपुर।
5. सहायक निदेशक रोजगार कार्यालय जयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. नियोजन अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय जयपुर।
7. संचित निरीक्षक पुलिस दूरसंचार लाईन जयपुर।
8. प्रभारी पुलिस दूरसंचार आईसीटी सैल जयपुर भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को राजस्थान पुलिस वैबसाईट पर अपलोड करावें।

पुलिस अधीक्षक (प्रथम)
पुलिस दूरसंचार राजस्थान
जयपुर।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

(विज्ञप्ति क्रमांक ................ दिनांक .............)

अनुसूची–।।

आवेदन का नवीनतम पासपोर्ट साईज सत्यापित फोटो मय हस्ताक्षर

1. आवेदित पद का नाम ..................................................
2. नाम आवेदक ..................................................
3. पिता/पति का नाम ..................................................
4. जाति ..................................................
5. आरक्षित वर्ग का नाम ..................................................
6. पूर्ण स्थाई पता ..........................................................................................

.................................................................................................................................................................

..........................................................................................................(मय मोबाईल नम्बर)

7. वर्तमान पता ..................................................
8. पुलिस थाना ..................................................
9. जन्मतिथि (अंको में) ..................................................
   (शब्दों में) ..................................................
10. आवेदक की अंतिम दिनांक के बाद आने वाली 01 जनवरी 2018 को आयु ..............................
11. शैक्षणिक योग्यता ..............................................
12. वर्तमान नियुक्ति, यदि कोई हो, पद सेवा की अवधि एवं पदनाम ...................................
13. अग्रेषण अधिकारी का नाम, पदनाम यदि अभ्यार्थी पूर्व में सेवारत है। ...........................................
14. राष्ट्रीयता ..............................................
15. नियोजन कार्यालय का पंजीयन क्रमांक व इसकी वैधता तिथि ..............................................
16. कार्य अनुभव (यदि कोई हो तो)
   (अ) संस्थान का नाम .......................................................
   (ब) अवधि कब से कब तक .......................................................
17. किसी आपराधिक प्रकरण में संलिप्त रहें है अथवा नही ........................................
   (हां हो तो विवरण) ..................................................
18. विवाह पंजीयन संख्या मय दिनांक (यदि विवाहित हो) ..................................................

आवेदक के हस्ताक्षर

::घोषणा::

मै घोषणा करता/करती हूँ कि विज्ञप्ति के अनुसार चयन परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखता हूँ एवं मेरे द्वारा आवेदन पत्र में अंकित प्रत्येक सूचना पूर्णतः सत्य है। यदि चयन प्रक्रिया के दौरान उक्त सूचना में कोई असत्यता पाई जाती है, तो आवेदन निरस्त किया जाकर मेरे विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा सकती है।

स्थान ....................

दिनांक....................

आवेदक के हस्ताक्षर

::घोषणा::

मै घोषणा करता/करती हूँ कि विज्ञप्ति के अनुसार चयन परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखता हूँ एवं मेरे द्वारा आवेदन पत्र में अंकित प्रत्येक सूचना पूर्णतः सत्य है। यदि चयन प्रक्रिया के दौरान उक्त सूचना में कोई असत्यता पाई जाती है, तो आवेदन निरस्त किया जाकर मेरे विरूद्व विधिक कार्यवाही की जा सकती है।

स्थान ....................

दिनांक....................

आवेदक के हस्ताक्षर

# प्रपत्र—6

## —:शपथ पत्रः—

मै....................................................पुत्र / पुत्र श्री / श्रीमती...............................................निवासी.......................
............. शपथ पूर्वक बयान करता हूँ / करती हूँ कि मेरा विवाह श्रीमती / श्री...........................................
निवासी...........................................................के साथ संपन्न हुआ था परन्तु अनिवार्य विवाह पंजीयन लागू होने से पूर्व दिनांक ................................ को संपन्न होने के कारण पंजीकृत नही है।

या

मेरा विवाह श्रीमती / श्री.......................................................निवासी...............................के साथ दिनांक...... ..............को राजस्थान राज्य के बाहर संपन्न होने के कारण पंजीकृत नही हुआ है।

या

मै......................................................अविवाहित हूँ।

या

मै.......................................................विधुर / विधवा हूँ (पत्नि / पति श्री / श्रीमती.......................................)

या

मै तलाक शुदा हूँ(प्रमाण पत्र संलग्न है)

या

मै परित्यक्ता हूँ एवं मेरा विबाह श्री ........................................के साथ दिनांक .................................को संपन्न हुआ था।

हस्ताक्षर
शपथ कर्ता